Total Pages – 4 **B.A. RNLKWC-/HINDI/DES-1/SEM-IV/23**

2023

HINDI

B.A. Fifth Semester End Examination - 2023

PAPER - DSE-2

छायावाद

Full Marks : 60 *Time : 3 hours*

The figures in the right-hand margin indicate marks.
Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.
Illustrate the answers wherever necessary.

1. निम्नलिखित में से किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10=20

क) छायाबाद की समय सीमा स्पष्ट कीजिए।

ख) "छायावाद" का नामकरण किसने और कब किया?

ग) छायावाद के चार कवियों के नाम बताइए।

घ) "कामायनी" किसकी रचना है एवं इसका प्रकाशन वर्ष लिखिए।

ङ) निराला की दो प्रगतिशील रचनाओं के नाम बताइए।

(Turn Over)

च) जयशंकर प्रसाद ने कौन-सी पत्रिका का प्रकाशन किया था? प्रकाशन वर्ष बताइए।

छ) "तुलसीदास" किस विधा की रचना है? रचनाकार का नाम बताइए।

ज) महादेवी वर्मा का दुखवाद किस दर्शन से प्रभावित है, स्पष्ट कीजिए।

झ) "स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह" — का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

ञ) "मतवाला" और "रूपाभ" पत्रिका के संपादकों के नाम बताइए।

ट) "कुकुरमुत्रा" कविता में गुलाब और कुकुरमुत्रा की प्रतीकात्मकता स्पष्ट कीजिए।

ठ) "लोकायतन" और "दीपशिखा" के रचनाकार कौन-कौन हैं?

ड) आचार्य शुक्ल के अनुसार छायावाद की परिभाषा दीजिए।

ढ) पंत को कविता लिखने कि प्रेरणा किससे और क्यों मिली?

ण) "मैं, नीर भरी दुख की बदली" में "मैं" संवोधन किसके लिए है? इस कविता के रचनाकार का नाम बताइए।

2. **निम्नलिखित पद्यांशों मे से किन्हीं चार की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :-**

क) खग- कुल कुल -कुल सा बोल रहा,
किसलय का अंचल डोल रहा,
लो यह लतिका भी भर लायी–
मधु-मुकुल नवल रस-गागरी।"

ख) "रवि हुआ अस्त, ज्योति के पत्र पर लिखा अमर
रह गया राम-रावण का अपराजेय समर।"

ग) "अब, सुन बे, गुलाव,
भूल मत जो पायी खुशबू, रंग-ओ-आब,
खुन चुसा खाद का तुने अशिष्ट,
डाल पर इतरा रहा है केपीटलिस्ट।"

घ) कुक उठी सहसा तरु-वासिनि!
गा तु स्वागत का गाना,
किसने तुझको अंतर्यामिनी!
वतलाया उसका आना।"

ङ) अहे वासुकि सहस्त्र फन।

लक्ष्य अलक्षित चरण तुम्हारे चिह्न निरंतर
छोड़ रहे हैं जग के विक्षत वक्षस्थल पर!"

च) "मैं क्षितिज-भृकुटि पर घिर धूमिल,
चिंता का भार, बनी अविरल,
रज-कण पर जल-कण हो बरसी
नव जीवन-अंकुर बन निकली।"

छ) "देखूँ खिलती कलियाँ या
प्यासे सूखे अधरों को
तेरी चिर यौवन-सुषमा
या जर्जर, जीवन देखूँ!"

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए :- 10×2=20

क) पंत के काव्य में प्रकृति के स्वरूप का चित्रण कीजिए।

ख) प्रसाद के काव्य में सौन्दर्य चेतना पर प्रकाश डालिए।

ग) "महादेवी के काव्य में रहस्यवाद" विषय पर एक निबंध लिखिए।

घ) "राम की शक्तिपूजा" का काव्य वैशिष्ट्य बताइए।